दिनांकः 10.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी–ग्रामीण आवास योजना को भी पांच साल के लिए बढ़ाया।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत आज बच्चों को दी जाएगी कृमि नाशक दवा–प्रदेश में 3 करोड़ 33 लाख से अधिक दवा देने का लक्ष्य।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।
- प्रदेश में मॉनसून के रंगत में रहने से बारिश की गतिविधियां जारी–अगले कुछ दिनों तक पूर्वी जिलों में बरसात का दौर बने रहने की संभावना।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024–25 से 2028–29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने की भी मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णेव ने कल रात मीडिया को बताया कि इस योजना के तहत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे।

000

सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि इनमें से दो करोड ग्रामीण क्षेत्रों में और एक करोड शहरी क्षेत्रों में बनाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए तीन लाख साठ हजार करोड रुपये का बजटीय प्रावधान होगा। श्री अश्वशनी वैष्ण्व ने बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का प्रावधान है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग की श्रेणियों में 25 लाख रुपये के आवास ऋण पर 4 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी दी जायेगी। मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम को भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि एक हजार सात सौ पैंसठ करोड रुपये से अधिक के निवेश के साथ यह पहल देश में बागवानी क्षेत्र के लिए अग्रणी पहल है और इससे उत्कृष्टता और स्थिरता के नये मानक स्थापित होंगे। मंत्रिमंडल ने उन्नत जैव ईंधन परियोजना को वित्तीय सहायता मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री जीवन योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना को पांच वर्षों के लिए बढा दिया गया है।

000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एससी और एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आज केंद्रीय कैबिनेट में विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा, कैबिनेट की राय है कि एनडीए सरकार बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के प्रावधानों के प्रति वचनबद्ध है। श्री वैष्णव ने कहा कि संविधान में एससी और एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है और कैबिनेट का निर्णय है कि एससी और एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था संविधान के अनुरूप होनी चाहिए।

000

प्रदेश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत आज 19 साल तक की उम्र के बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जायेगी। अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम नागौर जिले के खींवसर ब्लॉक मुख्यालय पर होगा, जहां चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर एलबेंडाज़ॉल की दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत करेंगे। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 3 करोड़ 33 लाख 59 हजार बच्चों को दवा देने का लक्ष्य लखा गया है। उन्होंने बताया कि यह दवा प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क खिलाई जायेगी।

इस अभियान के दौरान छूटे बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए 17 अगस्त को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाएगा ताकि एक भी बच्चा यह दवा खाने से नहीं छूटे।
गौरतलब है कि कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, जिसे रोकने के लिए निश्चित समय के अंतर पर डिवार्मिंग दवा दी जाती है।

000

'पीएम ई–बस सेवा' के तहत राज्य में 175 इलेक्ट्रिक बसें और चलाई जाएंगी। इससे पहले, योजना के तहत पांच सौ इलेक्ट्रिक बसों का राज्य को आवंटन किया गया था। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत की अध्यक्षता में इस संबंध में कल जयपुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए सिविल और विद्युत इन्फ्रास्ट्राक्चर, डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य की प्रगति को लेकर चर्चा की गई। श्री रविकांत ने बताया कि पहले केंद्र से पांच सौ इलेक्ट्रिक बसें मिली थीं, लेकिन अब 175 अतिरिक्त बसों का और आवंटन किया गया है। इन बसों में से अजमेर, जोधपुर और कोटा को 50–50, बीकानेर को 25 बसें दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बसों के चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को इन बसों के रूट को सुविधाजनक और जनता के अनुरूप तय करने के निर्देश दिये।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति, उभरते भारत में न्यायपालिका की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

इससे पहले, कल उपराष्ट्रपति ने जोधपुर में तीन नये आपराधिक कानूनों को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का आमजन को अधिक से अधिक फायदा मिल सकेगा। वर्तमान चुनौतियों, तकनीकी बदलाव और आवश्यकता के अनुसार इन कानूनों में बदलाव किया गया है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता और राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

000

राज्य में आज से हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। आजादी की सालगिरह के अवसर पर 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति गर्व की भावना का प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के तहत जयपुर जिला परिषद की ओर से जिले में 70 हजार ध्वज वितरित किये जाएंगे। इस कड़ी में आज जिले की ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों पर तिरंगा रैली रखी गई है। कल तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी। इसी तरह 12 अगस्त को ग्रामीण मैराथन और 13 तथा 14 तारीख को देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

000

प्रदेश में मॉनसून के रंगत में बने रहने से विभिन्न स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी हैं। बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के साथ पश्चिमी हिस्सों में भी विभिन्न स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। कोटपूतली बहरोड में पिछले कुछ दिनों से रिमझिम बारिश का दौर कल भी बना रहा। नीम का थाना जिले में बीती रात रुक रुक कर हल्की से तेज बारिश जारी रही। करौली में भी बरसात का दौर बना हुआ है। जिले के प्रमुख पांचना बांध से गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। राजधानी जयपुर में बीते कुछ दिनों से जारी वर्षा का दौर आज भी बना हुआ है। सुबह कई स्थानों पर तेज बारिश से सड़कें फिर जलमग्न हो गईं। भरतपुर में बरसात का दौर आज चौथे दिन भी बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ज्यादा बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

000

अब खबरें पेरिस ओलम्पिक की –
पेरिस ओलम्पिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने कल शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13–5 से हराया। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का छठा और कुश्ती में पहला पदक है।

000